हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 324 देहरादून मंगलवार 17 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## सीएम धामी हरिद्वार में एक्शन मोड में चौपाल में सुनी समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के आदेश

**- शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई, लापरवाही पर सख्त चेतावनी**

हरिद्वार संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर कांगड़ी में आयोजित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत आयोजित मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच बैठकर सीधे संवाद किया और स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार अब फाइलों में नहीं, मैदान में काम करेगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्य विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव है, उनका निस्तारण मौके पर ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्य सेवक की चौपाल" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही का जीवंत प्रमाण है। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार जनहित के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। जनता की अपेक्षाओं पर




खरा उतरना ही सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी और सरकार जनता के साथ खड़ी है ख्र हर समय, हर परिस्थिति में। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा है। उन्होंने स्वयं को जनता से अलग नहीं, बल्कि उनका सेवक बताते हुए कहा कि जनता की संतुष्टि ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्यसेवक की चौपाल" कोई औपचारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद का एक जीवंत मंच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे यहां लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए आए हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार का संकल्प प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार का मूल मंत्र है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनहित सर्वोपरि रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी और कोई शिकायत अनसुनी नहीं रहेगी।

### मसूरी में टूटी सड़क, पार्किंग की समस्याओं को सीएम के समक्ष उठाया

देहरादून संवाददाता. भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एडवोकेट आर्यन देव उनियाल ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट कर मसूरी की समस्याओं को उनके समक्ष उठाया। उन्होंने मसूरी में विकास के लिए विस्तार से वार्ता की व समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री आर्यन देव उनियाल ने कहा कि मसूरी में वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवासीय कालोनी का निर्माण किया जाए। मसूरी नगर पालिका के सहयोग से भूमि आवंटन कर नियोजित आवासीय कालोनी बनाई जाए ताकि वंचित वर्ग को सुरक्षित एवं सम्मान जनक आवास उपलब्ध हो सकें। उन्होंने भिलाडू में मिनी स्टेडियम निर्माण की मांग कीकहा कि युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का अभाव गंभीर विषय है।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (फेज 2) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई

देहरादून संवाददाता. केंद्र सरकार द्वारा कारोबार में सुगमता बढ़ाने के लिए गठित टास्क फोर्स की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन एवं मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (फेज 2) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन ने बताया की उत्तराखंड ने डी-रेगुलेशन 1.0 कम्प्लायंस रिडक्शन में देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम, लैंड यूज, होम स्टे तथा उद्यमिता एवं श्रम सुधारो के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए फेस-2 के तहत कुल 9 प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं जिसमें राज्य को भूमि उपयोग, भवन एवं निर्माण की स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, पर्यावरण, पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार, जैसी प्राथमिकताएँ शामिल हैं। इन प्राथमिकताओं का उद्देश्य राज्य में विकास कार्यों को और गति देना, निवेश और आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव ने सुझाव देते हुए कहा कि उद्योग से संबंधित प्रकरणों एवं प्रस्तावों को निर्धारित समय के अंदर मंजूरी मिले इसके लिए भी कार्य किया जाए। साथ ही छोटे उद्योगों के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था लागू की जाए ताकि छोटे निवेशकों को भी बढ़ावा मिल सके। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव ने बताया कि उत्तराखंड का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (ळैक्च्) का 26 प्रतिशत योगदान करता है, जो कि राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा औपचारिक रूप से पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों द्वारा संचालित किया जाता है। राज्य में विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक वातावरण है, जिसमें कुशल मानव संसाधन, उच्च साक्षरता दर, जीवन की अच्छी गुणवत्ता और सुंदर प्राकृतिक वातावरण शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार...

### एमडीडीए ने ऋषिकेश में दो अवैध निर्माण सील किए

देहरादून संवाददाता.मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को ऋषिकेश में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की।टीम ने निर्मल बाग में दो जगह अवैध निर्माण सील किया। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने समस्त सेक्टरों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना नक्शा पास करवाए भवन निर्माण करने और अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखें। टीम में सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, सुपरवाइजर शामिल रहे। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की गई।

### युवाओं में वित्त समझ विकसित करना जरूरी

देहरादून संवाददाता.ग्राफिक एरा में आयोजित संगोष्ठी में छात्रों को बाजार विश्लेषण, जोखिम प्रबंधन और धन नियोजन के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आज फाइनेंस अनफिल्टर्ड विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में स्टोकबॉक्स के सीईओ डॉ सुशांत सिंह ने कहा कि आज का युवाओं में वित्तीय समझ विकसित की जाए तो वह भविष्य की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकते हैं। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शेयर, निवेश, जोखिम प्रबंधन, इक्विटी तथा रिटर्न जैसे वित्तीय विषयों की जानकारी दी। सत्र का आयोजन ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट सेल और स्टॉक बॉक्स ने संयुक्त रूप से किया। सत्र में ग्राफिक एरा की सीए प्रीति शर्मा, स्टोकबॉक्स के सीओओ विशाल शर्मा, डॉ अमित उनियाल, रुचि नाज, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# सम्पादकीय

## अमेरिका के साथ व्यापार संधि

लाख टके का सवाल है आज अमेरिका के साथ जिस व्यापार संधि की बात है उसका असल कौन जानता है? क्या कैबिनेट में विचार हुआ? मंत्रियों के समूह, सचिवों के समूह में विचार हुआ? सवाल यह भी है कि अकेले अमेरिका के राष्ट्रपति ने समझौते की घोषणा क्यों की? क्यों फिर एक घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का आभार जताया, पुष्टि की? साझा घोषणा क्यों नहीं हुई? याद करें इसी तरह ट्रंप ने एकतरफा तरीके से 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उसके आध े घंटे के बाद भारत की ओर से एक मिनट से भी कम की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, जिसमें सीजफायर की पुष्टि की गई थी। इसी तरह ट्रंप ने ही ऐलान किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और यह भी ऐलान किया कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।सवाल है जब साझा बयान तैयार नहीं है, समझौते की बातचीत पूरी तरह से फाइनल नहीं हुई है और तत्काल कोई प्रावधान लागू नहीं हो रहा था तो सोमवार, दो फरवरी की देर रात को इसकी घोषणा की क्या जरुरत थी?ध्यान रहे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगले चार पांच दिन में साझा बयान तैयार हो जाएगा और उसकी घोषणा हो जाएगी। इसके बाद एक हफ्ते में भारत पर लगा टैरिफ कम होगा और मार्च के मध्य में श्पहला ट्रांच्र यानी समझौते के पहले हिस्से की घोषणा होगी। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होता कि जब साझा बयान तैयार हो जाए तभी एक साथ उसकी घोषणा होती? पीयूष गोयल ने कहा है कि साझा बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से हो सकता है। जब ऐसा ही होना है तब तो यह और भी अच्छी स्थिति थी कि इंतजार किया जाता और एक साथ समझौते की घोषणा होती!लेकिन आनन फानन में दो फरवरी की रात को सवा नौ बजे के करीब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई है। उन्होंने लोगों को जुड़े रहने को भी कहा। इसके थोड़ी देर के बाद रात 10 बजे के करीब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लंबी पोस्ट लिख कर कहा कि भारत के साथ समझौता हो गया। इसके एक घंटे बाद रात 11 बज कर दो मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी पुष्टि की। ध्यान रहे सोमवार को दिन में राहुल गांधी संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का अंश लेकर संसद में पहुंचे थे और अपने भाषण में इसे उठाने का प्रयास किया था।हालांकि उनको बोलने नहीं दिया गया लेकिन सबको पता चल गया कि 31 अगस्त 2020 की रात को क्या हुआ था। कैसे भारत के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना और सेना प्रमुख को उनके हाल पर छोड़ दिया था। उसी दिन रात में समझौते की खबर आई। लेकिन राहुल गांधी पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। वे अगले दिन किताब लेकर संसद में पहुंचे और यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हैं्र। राहुल ने कहा कि अमेरिका ने एपस्टीन फाइल्स की बहुत सी बातें अभी सार्वजनिक नहीं कीं। उनके मुताबिक एपस्टीन फाइल्स और अडानी के ऊपर मुकदमे की वजह से प्रधानमंत्री दबाव में हैं और इस वजह से समझौता हुआ है।

पता नहीं हकीकत क्या है लेकिन सरकार की हड़बड़ी और टाइमिंग पर निश्चित रूप से सवाल खड़े होते हैं। हड़बड़ी की बात इसलिए है क्योंकि समझौते की घोषणा के चार दिन बाद तक किसी को पता नहीं है कि इसमें क्या है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में भी बता दिया है कि समझौता हो गया है और इसमें किसानों, पशुपालकों सहित देश के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। किसी के हित से समझौता नहीं किया गया है। लेकिन उधर अमेरिका के दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उनको समझौते के बारे में खास जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वाणिज्य मंत्री जान रहे होंगे। हालांकि उनके अमेरिका दौरे पर व्यापार समझौते से जोड़ कर ही देखा जा रहा है।

समझौते के अगले दिन से भारत की मीडिया में यह खबर चलती रही कि जयशंकर अमेरिका गए हैं, जहां वे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से समझौते को लेकर बातचीत करेंगे। हालांकि समझौते की बातचीत में विदेश मंत्री शामिल नहीं थे इसलिए यह कहना पूरी तरह से सही नहीं था कि वे व्यापार संधि के बारे में बात करेंगे। फिर भी मीडिया में खबर चलती रही और सरकार की ओर से किसी ने इस पर पक्ष नहीं रखा। तभी लोगों ने इस पर यकीन किया।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा

अजीत द्विवेदी

अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा। ऐसा होना न तो अनायास होगा और न आश्चर्यजनक होगा। आमतौर पर इतने बड़े नेता का जब भी असमय निधन होता है या उसके साथ कोई हादसा होता है तो राजनीति बदलती है। कई राज्यों में इसके प्रमाण मिल जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर हादसे में तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू के निधन के बाद अरुणाचल की राजनीति हमेशा के लिए बदल गई। कलिखो पुल थोड़े दिन मुख्यमंत्री रहे और बाद में उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाने के बाद खुदकुशी कर ली थी। दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू ने पहले अलग पार्टी बनाई और फिर पार्टी का भाजपा में विलय करके भाजपा के मुख्यमंत्री बन गए। अरुणाचल प्रदेश, जहां कांग्रेस का इतना मजबूत आधार था वहां वह पूरी तरह से खत्म हो गई।इसी तरह आंध्र प्रदेश में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी का निध न हुआ तो पूरी राजनीति बदल गई। वे संयुक्त आंध्र प्रदेश के आखिरी क्षत्रप साबित हुए। उनके निधन के बाद कांग्रेस ने उनके बेटे जगन मोहन रेड्डी को सीएम नहीं बनाने की जिद में किरण रेड्डी और के रोसैया का प्रयोग किया और अंत में राज्य का विभाजन हुआ। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो गया। 2014 से लेकर अभी तक तीन लोकसभा और तीन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। अलग हुए राज्य तेलंगाना में 10 साल के बाद जरूर कांग्रेस लौटी लेकिन आंध्र प्रदेश में कोई संभावना नहीं दिख रही है।मध्य प्रदेश में माधवराव सिंधिया के विमान दुर्घटना में निधन के बाद पिछले करीब 25 साल में कांग्रेस सिर्फ एक बार बहुमत के करीब पहुंच पाई है और उस समय भी सिर्फ सवा साल की ही सरकार बनी। राजीव गांधी के निधन के बाद की राष्ट्रीय राजनीति का सबको पता है। कांग्रेस की राजनीति में कैसी उथलपुथल रही वह भी सबको पता है। भारतीय राजनीति के इतिहास की इस पृष्ठभूमि में जब अजित पवार के विधन को देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। मौजूदा सरकार और राजनीति दोनों का शक्ति संतुलन प्रभावित होगा। अजित पवार एक संतुलनकारी ताकत के तौर पर महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूद थे।इसमें संदेह नहीं है कि उनकी पार्टी रहेगी लेकिन उनके जैसी राजनीति करने वाला कोई नहीं होगा। 2024 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल किया तब भी सरकार का गठन कई दिनों तक अटका रहा था। एकनाथ शिंदे नाराजगी दिखा रहे थे। उस समय भी ब्रेक थ्रू अजित पवार ने दिया था। देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब एक पत्रकार ने शिंदे से पूछा, श्क्या आप उप मुख्यमंत्री बनेंगे्र? वे कुछ बोलते उससे पहले अजित पवार ने कहा, श्एकनाथ शिंदे का पता नहीं हैं लेकिन मैं शपथ ले रहा हूं्र। इसके बाद अपने आप सारा खेल बदल गया था।अजित पवार एक तरफ से देवेंद्र फड़नवीस की राजनीति के लिए कवच का काम कर रहे थे। फड़नवीस के साथ उन्होंने एक बार 80 घंटे की सरकार भी बनाई थी। उससे भी पता चलता है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री कैसी थी। अब फड़नवीस की राजनीति का वह कवच हट गया है। उन्हें अब अकेले पार्टी के अंदर के संघर्ष का मुकाबला करना होगा और पार्टी के बाहर गठबंधन की राजनीति यानी एकनाथ शिंदे के दांवपेंच का भी मुकाबला अकेले करना होगा। फड़नवीस चाहेंगे कि अजित पवार की पार्टी की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो, जिसके साथ वे सहजता से सारी बातें कर सकें। अजित पवार के परिवार से कौन फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री बनता है और बारामती की सीट से कौन उपचुनाव लड़ता है इससे बहुत कुछ तय होगा।जहां तक अजित पवार की पार्टी का सवाल है तो उनके सामने कई विकल्प हैं। एक विकल्प तो यथास्थिति का है। लेकिन नेता के नहीं होने पर यथास्थिति संभव नहीं होती है। इसके बावजूद पार्टी के पास स्वतंत्र राजनीति का रास्ता है। अगर अजित पवार की पार्टी अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखती है तो उसके लिए अच्छा होगा लेकिन उसके लिए जरूरी है कि कोई मजबूत नेता पार्टी की कमान संभाले। ऐसा नेता, जो भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए भी उसे आंख दिखा सके और जरुरत पड़ने पर भाजपा को रोकने के लिए उसकी विरोधी पार्टी से भी तालमेल कर सके। ध्यान रहे अजित पवार ने शहरी निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी से तालमेल किया था। इस तरह की स्वतंत्र राजनीति सबसे अच्छा विकल्प है। दूसरा विकल्प शरद पवार का नेतृत्व स्वीकार करने और दोनों एनसीपी के विलय का है। कहा जा रहा है कि अजित पवार कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। अगर उन्होंने कोई रूपरेखा बनाई हो तब इस रास्ते पर जाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।लेकिन तब भी यह सवाल रहेगा कि नेता कौन होगा? जाहिर तौर पर 85 साल के शरद पवार तो नेता नहीं हो सकते हैं। फिर कौन? सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार, पार्थ व जय पवार में से कोई या रोहित व युगेंद्र पवार में से कोई या परिवार से बाहर के सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल और धनंजय मुंडे? एक तीसरा विकल्प अपनी स्वतंत्रता से समझौता करके भाजपा की शरण में जाने का है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपने दोनों युवा बेटों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह रास्ता चुन सकती हैं। एक बार चुनाव लड़ चुके पार्थ पवार राज्य सरकार में शामिल हों और सुनेत्रा खुद केंद्र की सरकार में मंत्री बनें। यह स्थिति देवेंद्र फड़नवीस के भी अनुकूल हो सकती है।जो हो इतना तय है कि अजित पवार के अचानक महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज से चले जाने से प्रदेश की राजनीति का लैंडस्केप भी पूरी तरह से बदलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसमें अपने विस्तार की संभावना देख रही होगी। ध्यान रहे जब शिव सेना एकजुट थी और एनसीपी भी एकजुट थी तब भाजपा अपना विस्तार उन इलाकों में करना चाहती थी, जहां उसका मजबूत आधार नहीं था। लेकिन दो मजबूत प्रादेशिक पार्टियों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। तभी उसने शिव सेना में विभाजन को डिजाइन किया और एनसीपी का विभाजन भी प्लान किया। दोनों पार्टियों के बंटने और कमजोर होने के बाद के पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीतीं।

उसके बाद पहले स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रदेश भर में ग्रामीण व शहरी इलाकों में 50 फीसदी सीटें हासिल कीं। शिव सेना के असर वाले इलाकों यानी महाराष्ट्र मेट्रोपोलिटन रीजन, एमएमआर में मुंबई उसने एक तरह से कब्जा कर लिया और ठाणे को छोड़ कर कल्याण डोंबिवली व उल्लासनगर में वह शिंदे सेना की बराबरी में रही। एमएमआर और कोंकण दोनों इलाके में उद्धव की पार्टी हाशिए पर चली गई। ऐसे ही पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद व अजित पवार के एक साथ लड़ने पर भी भाजपा ने उनको हरा दिया। विदर्भ में पहले से भाजपा का मजबूत आधार है। अब अजित पवार के नहीं रहने के बाद भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में अपना आधार बढ़ा सकती है। वह दोनों शिव सेना और दोनों एनसीपी को समाप्त करके या बहुत कमजोर करके महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी निर्णायक बढ़त स्थापित कर सकती है।शरद पवार इस स्थिति को समझ रहे होंगे और वे परिवार के भीतर भाजपा की विस्तारवादी राजनीति से होने वाले संभावित नुकसान पर बात भी करेंगे। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को भी भाजपा की इस राजनीति का अंदाजा होगा। परंतु इन चारों प्रादेशिक पार्टियों के क्षत्रपों को यह भी अंदाजा होगा कि वे अकेले दम पर भाजपा की इस राजनीति का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन कांग्रेस के कमजोर होने से भी है। कांग्रेस के पास अगर विलासराव देशमुख जैसा कोई करिश्माई और मजबूत नेता होता तो वह भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर सकता था।

हिन्दी दैनिक जोखिम

## संक्षिप्त समाचार...

### तीर्थनगरी में बैंड-बाजों और झांकियों संग निकली शिव बारात

ऋषिकेश संवाददाता. श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत नगर में शिव बारात निकाली गई। नगर क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा के साथ शिव बारात का स्वागत किया। देर रात तक श्रद्धालु शिव बारात में झूमते नजर आए। शिव बारात में भगवान शिव के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी, उनके वाहन नंदी और शिवगण आकर्षण का केंद्र रहे। सोमवार को गंगा नगर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के महंत रामेश्वर गिरी महाराज के सानिध्य में शिव बारात का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मेयर शंभू पासवान ने नारियल फोड़कर किया। मंदिर परिसर से विभिन्न झांकियों और बैंड बाजों के साथ शिव बारात निकाली गई। मंदिर से आरंभ हुई शिव बारात बनखंडी मंदिर होते हीरालाल मार्ग, रेलवे रोड, देहरादून रोड, हरिद्वार रोड, तिलक रोड होते हुए त्रिवेणी घाट पहुंची। जहां भगवान शिव और पार्वती के विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। नगर क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर शिव बारात का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। मौके पर महंत विनय सारस्वत, महंत पूर्णानंद, महंत निर्मल दास तपोवन, स्वामी धर्मवीर दादूपंथी, महंत हरिदास, महामंडलेश्वर रविंद्र दास, भाजपा जिला महामंत्री प्रतीक कालिया, पार्षद राजू बिष्ट, सचिन अग्रवाल, आदर्श पांडेय, विनोद रतूड़ी, पंकज कौशल, शिव कुमार गौतम, गणेश पांडेय, शैलेंद्र रस्तोगी, योगेश सक्सेना, पम्मी गर्ग, रमेश अरोड़ा, किशोर गौड़, संजय कौशिक, जालंधर रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### बर्तन की दुकान में सिलेंडर फटने से लगी आग, दुकानदार घायल

ऋषिकेश संवाददाता.चंद्रेश्वरनगर में सोमवार सुबह एक बर्तन की दुकान में अचानक धमाके साथ गैस सिलेंडर फट गया। जिससे लगी आग की चपेट में दुकानदार भी आ गया। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर दुकानदार को जख्मी हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एसडीआरएफ के जवानों के साथ आसपास के लोग आग बुझाने में जुटे थे कि फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची, जिसके बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोमवार सुबह करीब सात बजे की है। चंद्रेश्वरनगर में कमलेश चौहान, निवासी चंद्रभागा की बर्तन की दुकान है। उन्होंने दुकान खोली ही थी कि अचानक दुकान में रखे पांच किलोग्राम के गैस सिलेंडर में आग लग गई, जिसके बाद वह तेज धमाके साथ फट गया। हादसा होते हुए आसपास लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। सूचना एसडीआरएफ की मिली, तो तत्काल टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कमलेश को बामुश्किल रेस्क्यू कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। एएसआई मनोज रावत ने बताया कि कमलेश को हल्की चोटें आई हैं। फिलहाल यह हादसा कैसे हुए, इसकी जांच की जा रही है। मालूम हो कि, इस घटना के दौरान चंद्रेश्वरनगर में आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप का माहौल भी दिखा।

### सभासद के पति की दुकान में चोरी से आक्रोश

ऋषिकेश संवाददाता. नगर क्षेत्र के वार्ड 12 की सभासद बबीता देवी के पति की दुकान से चोर ने 24 हजार की नकदी और सामान चोरी कर लिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय जनप्रतिनिधि कोतवाली पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस की गश्त पर सवाल उठाते हुए शीघ्र वारदात के खुलासे की मांग की है। पीड़ित अनुज कालरा ने बताया कि चोर दुकान से करीब 24 हजार रुपये मूल्य के प्रोटीन के डब्बे, कॉस्मेटिक सामान और जरूरी कागजात चोरी कर ले गए हैं। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के अन्य दुकानदारों और स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि इस वारदात से लोगों में खौफ जैसी स्थिति है। सभासद राजेश भट्ट ने शीघ्र खुलासे के साथ ही पुलिस गश्त को और प्रभावी करने की मांग की। वहीं, कोतवाल प्रदीप राणा ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात की पहचान को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### कोतवाली में हंगामा करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिद्वार संवाददाता. ज्वालापुर कोतवाली में बयान दर्ज कराने पहुंचे दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप-प्रत्यारोप का दौर ऐसा चला कि हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी। शांतिभंग की आशंका में तीन लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि 13 फरवरी को दो पक्षों के बीच विवाद को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। इसी आधार पर मुकदमा कायम किया गया और उपनिरीक्षक मनीष भंडारी को जांच सौंपी गई। बयान दर्ज कराने के लिए दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया था। लेकिन, पूछताछ के दौरान दोनों ओर से तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और हंगामा शुरू हो गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रित नहीं हो सकी।

## गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे सहकारिता मंत्री डॉ० धन सिंह रावत

**- गांधीनगर में आयोजित सहकारिता मंत्रियों के सम्मेलन में करेंगे प्रतिभाग**

**- उच्च स्तरीय बैठक में 'सहकार से समृद्धि' पर रखेंगे उत्तराखंड का रोड़मैप**

**- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होगा महामंथन**

देहरादून संवाददाता. सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ० धन सिंह रावत 17 व 18 फरवरी को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान गांधीनगर में आयोजित देशभर के राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक में प्रतिभाग करेंगे। यह बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें डॉ० रावत 'सहकार से समृद्धि' को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं और भविष्य के रोड़मैप को रखेंगे साथ ही वह अपने सुझाव भी साझा करेंगे। इसके अलावा डॉ० रावत अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गुजरात में सहकारिता के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का भी दौरा करेंगे और वहां की कार्यप्रणाली व सहकारी व्यवस्थाओं से परिचित होंगे। सहकारिता मंत्री डॉ० धन सिंह रावत ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी 17 फरवरी को महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर (गांधीनगर) में सहकारिता को लेकर महामंथन होगा। जिसमें डॉ. रावत 'सहकार से समृद्धि' को लेकर उत्तराखंड सरकार की सहकारिता योजनाओं, नवाचारों और भविष्य के रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने, किसानों की आय बढ़ाने, डेयरी व बहुउद्देश्यीय समितियों के विस्तार और सहकारी बैंकों की सुदृढ़ता को लेकर अपने सुझाव भी साझा करेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि सम्मेलन में देशभर में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, आधुनिक वेयरहाउस नेटवर्क, राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं में राज्यों की भागीदारी, प्राथमिक समितियों के कंप्यूटरीकरण, राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस के उपयोग और मानव संसाधन विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय सम्मेलन में दाल व मक्का उत्पादन को बढ़ावा देने, सहकारी बैंकों की चुनौतियों का समाधान, साझा सेवा इकाइयों और अम्ब्रेला संरचनाओं की मजबूती तथा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की जायेगी। गुजरात प्रवास के दौरान डॉ. रावत बनासकांठा जिले के सहकारिता संस्थानों का भी भ्रमण करेंगे। वह पालनपुर स्थित बनास डेयरी का दौरा कर डेयरी संचालन, विपणन प्रणाली व दुग्ध उत्पादों की प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे व अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त वह चीज प्लांट, यूएचटी प्लांट, फूड पार्क, ऑयल मिल, आटा प्लांट, बायो-सीएनजी व बायो फर्टिलाइजर इकाइयों का निरीक्षण भी करेंगे। डॉ. रावत ने कहा कि गुजरात के सहकारिता मॉडल का अध्ययन कर उत्तराखंड में सहकारिता क्षेत्र को और सशक्त बनाया जाएगा, जिससे किसानों, दुग्ध उत्पादकों व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभ मिल सके।

## उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं से पहले सघन जांच होगी

हरिद्वार संवाददाता.हरिद्वार में इस बार 49,349 छात्र-छात्राएं उत्तराखंड बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षाएं देंगे। चार परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। बोर्ड परीक्षाओं से पहले सभी केंद्रों की जांच अनिवार्य रूप से होगी। नकल पर रोक लगाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में परीक्षा केंद्र अधीक्षकों संग बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने यह निर्देश दिए। बता दें कि हरिद्वार में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के तत्वावधान में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं होने जा रही हैं। इसी क्रम में हुई बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नरेश कुमार हल्दियानी और जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) अमित कुमार चंद भी शामिल हुए। शिक्षा अफसरों ने कहा कि जिन स्कूलों ने अभी तक एडमिट कार्ड प्राप्त नहीं किए हैं, वे तत्काल लें। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था कक्षा के पास होनी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी नियमित रूप से निगरानी करेंगे। डॉ. संतोष कुमार चमोला ने इसका संचालन किया। चार परीक्षा केंद्रों पर 500 बोर्ड परीक्षार्थी हरिद्वार में चार परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जिनमें राष्ट्रीय इंटर कॉलेज हद्दीपुर ग्रांट, विद्या विकासिनी इंटर कॉलेज गुरुकुल नारसन, महबूबिया इंटर कॉलेज हजारा ग्रांट और निर्मला देवी इंटर कॉलेज बूढ़पुर जट्ट शामिल हैं। इन केंद्रों पर 500 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। 21 फरवरी से 20 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित होंगी।

### ऋषिकेश में एमडीडीए ने चार भवन सील किए

ऋषिकेश संवाददाता. विस्थापित पशुलोक क्षेत्र में निर्मल ब्लॉक-बी और हरिद्वार रोड पर चार भवनों को मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सील कर दिया है। इनमें दो भवन बिना प्राधिकरण के अनुमति के बन रहे थे। जबकि, दो बहुमंजिला इमारतों का बिना नक्शा पास कराए निर्माण किया जा रहा था। अचानक हुई इस कार्रवाई से न सिर्फ विस्थापित, बल्कि आसपास क्षेत्र में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। एसडीएम योगेश मेहरा के मुताबिक एमडीडीए की ओर से क्षेत्र में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण में तय मानकों की जांच के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें यह निर्माण अनाधिकृत रूप से होते हुए मिले थे। उन्होंने बताया कि निर्मल ब्लॉक-बी में सुमित मल्होत्रा और जय सिंह चौहान बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण करा रहे थे।

## गोरखा हिमालयन फेस्टिवल में जुटेंगे देशभर के सेलिब्रिटी कलाकार

देहरादून संवाददाता. गढ़ी कैंट स्थित शहीद जसवंत सिंह ग्राउंड में 20, 21 और 22 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 'गोरखा हिमालयन फेस्टिवल' में देशभर के सेलिब्रिटी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। शहीद दुर्गा मल्ल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर फिल्मों के प्रोमो भी प्रदर्शित होंगे। उत्तरांचल प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट की अध्यक्ष कमला थापा ने बताया कि फेस्टिवल में हिमालय क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक खानपान और विविध लोक कलाओं की झलक देखने को मिलेगी। पहले दिन यानी कि 20 फरवरी को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन मिनी रैली होगी। शाम 4 बजे पंचे बाजा और नौबती बाजा की गूंज के बीच प्रदर्शनी और मेले का उद्घाटन होगा। शाम को सतीश और दीप्ति राणा की प्रस्तुति होगी। जम्मू का एम. जैक्सन सांस्कृतिक संस्थान, दार्जिलिंग की गायिका सुरक्षा सिंचुरी, सिलीगुड़ी के कलाकार, विक्रम कालिकोटे और विशाल ग्रुप द्वारा पारंपरिक 'लाखे-कुमारी' नृत्य प्रस्तुति देंगे। गढ़वाली फिल्म सुरकंडा माता और धमिलो पहाड़ के प्रोमो भी प्रदर्शित होंगे। ट्रस्ट सचिव प्रभा शाह ने बताया कि 21 फरवरी को 'मधुमक्खी पालन', 'फल संरक्षण' की कार्यशाला, शाम को 'कोसेली सांगीतिक ग्रुप' और 'कुमाऊनी झौड़ा' की प्रस्तुति होगी। युवाओं के लिए 'रैपर्स बैटल' आकर्षण का केंद्र रहेगा। शाम को पद्मश्री बसंती बिष्ट का सम्मान एवं प्रस्तुति होगी। रात्रि में असम की 'सुपर डांसर चौप्टर 5' विजेता अध्ययश्री उपाध्याय का विशेष नृत्य होगा। 22 फरवरी को 'नेचर फोटोग्राफी' सत्र, दोपहर में जेपी मैठाणी का विशेष सत्र होगा। पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित फैशन शो होगा। सुरक्षा सिंचुरी और विक्रम कालिकोटे की जुगलबंदी होगी। सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# हिमाचल के नाम रही चौंपियनशिप, आंचल बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**- स्वर्ण पदक विजेता को 51 हजार, रजत पदक विजेता को मिले 41 हजार का पुरस्कार**

चमोली संवाददाता. औली में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय शीतकालीन राष्ट्रीय चौंपियनशिप का समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। सर्वाधिक छह स्वर्ण पदक जीतने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम को चौंपियन ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेताओं को 51 हजार, रजत पदक




विजेताओं को 41 हजार और कांस्य पदक विजेताओं को 31 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों के साथ सेना और आईटीबीपी सहित कुल 17 टीमों ने भाग लिया। हिमाचल छह स्वर्ण के साथ प्रथम स्थान पर रही, जबकि सेना की टीम तीन स्वर्ण के साथ दूसरे और जम्मू-कश्मीर दो स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रही। हिमाचल की आंचल ठाकुर ने दो स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट खिलाड़ी का खिताब हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बीकेटीसी के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती रहे। इस अवसर पर विंटर गेम्स एसोसिएशन के सचिव राकेश रंजन भिलंगवाल, सह सचिव अजय भट्ट, एडीएम विवेक प्रकाश, एसडीएम ज्योतिर्मठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, विजयंत रावत, विक्रम फरस्वाण, कुलदीप बंगारी, विमलेश पंवार, विकेश डिमरी, प्रदीप मंद्रवाल, कमल किशोर डिमरी, प्रीति डिमरी और वंदना पंवार सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। किशन महिपाल के गीतों के पर थिरके श्रोता: ज्योतिर्मठ। औली में आयोजित विंटर कार्निवाल का अंतिम दिन लोक गायक किशन महिपाल के नाम रहा। किशन महिपाल की ओर से गाए गए एक से बढ़कर एक गीतों पर श्रोता खूब थिरके। उन्होंने भगवान बदरीनाथ के भजन के साथ कार्यक्रम आरंभ किया। इसके बाद उन्होंने जिया कोरी कोरि खांदू गाया तो स्थानीय लोगों के साथ खिलाड़ी भी झूमने लए। एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुति ने विंटर कार्निवाल के अंतिम दिन को यादगार बना दिया। इसके बाद गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से कार्निवाल के समापन की घोषणा की गयी। इस अवसर पर बीकेटीसी

# परिवार रजिस्टर का सत्यापन कर ऑनलाइन अपडेट करें : डीएम

नई टिहरी संवाददाता. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने लोनिवि, पंचायत, ग्राम्य विकास विभाग और पेयजल आदि विभागों से संबंधित समस्याएं उठाई। डीएम नितिका खंडेलवाल ने कई समस्याओं का समाधान कर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर परिवार रजिस्टर का सत्यापन कर ऑनलाइन अपडेट करने को भी कहा गया है। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दरबार में प्रतापनगर के क्यारी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सेमवाल ने क्यारी-जेवाला और क्यारी-भेलगाड़ मोटर मार्ग पर किए गए कटान का मुआवजा देने की मांग की। जौनपुर के रयाट गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि धारगांव नामक तोक में जहां कूड़ा निस्तारण यूनिट प्रस्तावित है, उसके ठीक नीचे पेयजल स्रोत होने के कारण उन्होंने कूड़ा यूनिट हटाने की मांग की है। चंबा में मंज्यूड़ की प्रधान रानी नेगी ने राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित मकानों की सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की। बौराड़ी निवासी नसीम ने पुरानी टिहरी से विस्थापन के बदले पुनर्वास का लाभ देने की मांग की। बैल्डोगी-खंभाखाल मोटर मार्ग से खतरे की जद में आए मकानों के लिए पैराफिट लगाने की मांग की गई।

## चौरंगीखाल में फैब्रिकेटेड शौचालय पड़ा है क्षतिग्रस्त

नई टिहरी संवाददाता.। चौरंगीखाल बाजार में प्रशासन की ओर से एक शौचालय की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटन विभाग की ओर से एक फैब्रिकेटेड शौचालय लगाया गया था लेकिन वह देखरेख न होने से जर्जर बना है। स्थानीय निवासी अनिल नौटियाल, कुंवर सिंह, राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि चौरंगीखाल जनपद का सबसे नजदीक का पर्यटन स्थल है। वहां पर हर दिन जनपद मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों से पर्यटक पहुंचते हैं। इसके साथ ही यह नचिकेता ताल ट्रैक का भी मुख्य द्वार है।

# पाबों में कैबिनेट मंत्री डॉ रावत ने किया 570 लाख की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**अभिनंदन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, लोगों ने फूलों से किया भव्य स्वागत**



पौड़ी संवाददाता. सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का सोमवार को श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाबौं पहुंचने पर स्थानीय जनता एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पाबौं विकासखंड मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में भारी जनसैलाब उमड़ा, जहां लोगों ने फूलों की वर्षा कर गगनभेदी नारों के साथ डॉ. रावत का अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ रावत ने खुण्डेश्वर मैदान में 570 लाख से अधिक लागत की कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।कैबिनेट मंत्री का काफिला जैसे ही पाबौं पहुंचा, क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, झंडों और स्वागत बैनरों के साथ उनका स्वागत किया। ब्लॉक मुख्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को उत्सव का रूप दे दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर डॉ. रावत ने जनता के अपार स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से विकास कार्यों को नई गति मिली है और श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र को भी इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है।इसके उपरांत खुण्डेश्वर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने 570 लाख रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन योजनाओं में सड़क, पेयजल, शिक्षा और सामुदायिक भवनों से संबंधित कार्य शामिल हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# निर्माण के दो साल बाद भी कोठियालसैंण हेलिपैड का नहीं हुआ नियमित संचालन

चमोली संवाददाता. जिला मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर कोठियालसैंण में वर्ष 2024 में निर्मित हेलिपैड का दो साल बाद भी नियमित संचालन शुरू नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि हेलिकॉप्टर आज भी खेल मैदान में उतारे जा रहे हैं जिससे खेल विभाग कार्यालय में धूल के गुबार भर रहे हैं व आसपास के लोगों के घरों में भी धूल जम रही है। हेलिकॉप्टर के आगमन पर स्थानीय लोगों को एहतियातन अपने घरों के दरवाजे बंद करने पड़ते हैं। चमोली जिला प्रशासन की ओर से कोठियालसैंण में हेलिपैड का निर्माण बड़े उद्देश्य के साथ किया गया था लेकिन पिछले दो वर्षों में यहां केवल एक बार ही हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई है। बदरीनाथ विधानसभा के उपचुनाव के दौरान बदरीनाथ हाईवे बाधित होने पर ज्योतिर्मठ क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को हेलिकॉप्टर से कोठियालसैंण हेलिपैड पर उतारा गया था। इसके बाद से हेलिपैड का उपयोग नहीं हुआ है। प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी ने कहा कि हेलिपैड का निर्माण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत किया गया था। इसका शीघ्र संचालन होना चाहिए।

# बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी बाजार में नहीं है एक भी सार्वजनिक शौचालय

चमोली संवाददाता. बदरीनाथ हाईवे पर स्थित पीपलकोटी बाजार में सार्वजनिक शौचालयों का अभाव है। सात साल पहले नगर पंचायत का गठन होने के बाद भी लोगों को शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाई है। चारधाम यात्रा मार्ग होने के चलते राहगीरों, व्यापारियों के साथ ही यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत पीपलकोटी में ऑलवेदर रोड परियोजना के तहत बदरीनाथ हाईवे का चौड़ीकरण कार्य किया गया। यहां हिल साइड हाईवे का चौड़ीकरण कार्य होने के बाद दो साल पहले नगर पंचायत ने यहां एक हाईटेक शौचालय निर्माण कार्य प्रस्तावित किया। मगर अभी तक बजट न मिलने के कारण यह काम आगे नहीं बढ़ पाया है। व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक राणा, सज्जन लाल, सुनील शाह और विनोद सिंह का कहना है कि मुख्य बाजार से लेकर मंगरीगाड गदेरे तक कहीं भी सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं है। व्यापारियों को शौचालय के लिए भी गदेरे में जाना पड़ रहा है। यहां सुलभ इंटरनेशनल का सार्वजनिक शौचालय तो है लेकिन वह बाजार से दूर है जिससे लोगों को इसका फायदा नहीं मिल पाता है। चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्री भी परेशान रहते हैं। खासकर महिला श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग, शासन से मांगा 80 लाख का बजट

चमोली संवाददाता. चमोली का स्वास्थ्य महकमा चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। अस्पताल में दवाइयों के भंडारण के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से निदेशालय को डिमांड भेज दी गई है। अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलिंडर के साथ ही उपकरण व दवाइयों के लिए करीब 80 लाख रुपये के बजट की मांग की गई है। वहीं, अप्रैल से मार्ग के अस्पतालों में चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर ड्यूटी आवंटित की जाएगी। चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग पर अधिक जिम्मेदारी रहती है। तीर्थयात्री विभिन्न जांचों के लिए भी सरकारी अस्पतालों में पहुंचते हैं। बदरीनाथ, पांडुकेश्वर, ज्योतिर्मठ, पीपलकोटी, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग और गौचर के सरकारी अस्पतालों में यात्रा के दौरान ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। चमोली के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अस्पतालों में फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, चिकित्साधिकारी, महिला चिकित्साधिकारी, एक्सरे व ईसीजी टेक्नीशियन और चालक के पदों पर तैनाती की डिमांड निदेशालय को भेज दी गई है। बदरीनाथ और ज्योतिर्मठ के सीएचसी में फिजिशियन की तैनाती की जाएगी। डॉक्टर की तैनाती रोस्टर के हिसाब से की जाएगी।

# आंगनबाड़ी वर्करों का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

हरिद्वार संवाददाता.आंगनबाड़ी वर्करों ने 12 सूत्रीय मुद्दों को लेकर रोशनाबाद स्थित कलक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष रितेश चौहान ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी वर्करों के मानदेय में 140 रुपये रोजाना की वृद्धि करे और केंद्र सरकार को 150 रुपये रोजाना बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजे। सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये दिए जाने का शासनादेश जारी होने तक 300 रुपये की प्रस्तावित कटौती रोकी जाए। बायोमेट्रिक मशीन से न जोड़ा जाए और सुपरवाइजर पद पर हर साल वरिष्ठता के आधार पर भर्ती निकाली जाए। जिला महामंत्री शबनूर ने कहा कि 60 की आयु पूरी करने पर एकमुश्त एक लाख रुपये दिए जाएं। सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष की जाए। केवाईसी और फेस कैप्चरिंग प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इसके अलावा भी कई मुद्दों को उठाया गया। चेताया गया कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया

नैनीताल संवाददाता. /जिले के न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया। माननीय जिला न्यायाधीश, नैनीताल के आधिकारिक ईमेल आईडी पर आए एक धमकी भरे संदेश के बाद जिला एवं सत्र न्यायालय नैनीताल, रामनगर कोर्ट और भ्ंसकूंदप स्थित जजी कोर्ट को एहतियातन खाली करा लिया गया।धमकी की सूचना मिलते ही छंपदपजंस च्वसपबम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी न्यायालय परिसरों में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। बम निरोधक दस्ते (ठक्ै) और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने पूरे परिसर की गहन तलाशी ली।एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी. सी. के निर्देशन में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र और एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। पुलिस द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (ैव्च्) के तहत फ्रिस्किंग और सर्च ऑपरेशन चलाया गया।



बार एसोसिएशन हल्द्वानी के अध्यक्ष के.के. पंत के अनुसार, धमकी भरा ईमेल सुबह 8:41 बजे जिला जज नैनीताल के आधिकारिक मेल पर प्राप्त हुआ। मेल में दावा किया गया कि न्यायाधीश के चैंबर में आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं और दोपहर 12:15 बजे तक परिसर खाली करने की चेतावनी दी गई। कथित ईमेल में एलटीटीई और पाकिस्तान आईएसआई का भी उल्लेख किया गया है।सूचना मिलते ही दोपहर तक सभी न्यायालय परिसरों को खाली करा लिया गया। दोपहर 1:30 बजे तक तलाशी अभियान जारी रहा। हल्द्वानी कोर्ट परिसर में कोतवाल विजय मेहता और एसपी क्राइम मनोज कुमार कत्याल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।फिलहाल किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और अधिवक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि धमकी भरे संदेश की गहन जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रेफरल मॉनिटरिंग बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, अनावश्यक रेफरल कम करने पर जोर

अल्मोड़ा संवाददाता. जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित रेफरल मॉनिटरिंग समिति की बैठक में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में 1 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक विभिन्न चिकित्सालयों से रेफर किए गए मरीजों के मामलों का विस्तार से परीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि इस अवधि में जनपद के अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी मिलाकर कुल 45,059 मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें से रेफरल दर केवल 0.65 प्रतिशत रही। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था बेहतर होने से अनावश्यक रेफरल में कमी आई है। उन्होंने इस प्रवृत्ति को बनाए रखने और रेफरल दर को और कम करने के निर्देश दिए। बैठक में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए विशेष रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के मामलों की नियमित निगरानी की जाए और जरूरत पड़ने पर समयबद्ध उपचार एवं त्वरित रेफरल सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को मजबूत करने, अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और 108 एम्बुलेंस सेवा के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग को आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा संवाददाता. सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका और मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री रेखा आर्या के नाम ज्ञापन भेजा। गांधी पार्क चौघानपाटा से शिखर तिराहे तक निकाली गई रैली में जनपद के विभिन्न विकासखंडों की बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाने, कटौती रोकने और बायोमेट्रिक व्यवस्था से छूट देने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में राज्य सरकार की ओर से 140 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि की जाए और केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा जाए। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की व्यवस्था लागू करने से पहले खातों से 300 रुपये की प्रस्तावित कटौती न किए जाने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने बायोमेट्रिक मशीन से जोड़ने के प्रस्ताव का भी विरोध जताया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर विधानसभा तथा मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इस दौरान संगठन की प्रदेश सदस्य मनोरमा बनौला, जिला महामंत्री दया टम्टा, जिला उपाध्यक्ष राधा आर्या, जिला कोषाध्यक्ष कमला कार्की, भैंसियाछाना की ब्लॉक अध्यक्ष लीला पांडे, हवालबाग की माया जोशी, धौलादेवी की कविता जोशी, सल्ट की कमला बोरा और चौखुटिया की तनुजा बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## पुलिस ने "ऑपरेशन क्रैक डाउन वेरिफिकेशन ड्राइव" शुरू किया

हल्द्वानी संवाददाता. नैनीताल जिले में आपराधिक घटनाओं पर कड़ा नियंत्रण रखने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने "ऑपरेशन क्रैक डाउन वेरिफिकेशन ड्राइव" शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत बाहरी व्यक्तियों, अल्पज्ञात/संदिग्ध लोगों और घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान में आश्रम, होम स्टे, हॉस्टल, गेस्ट हाउस, फैक्ट्री, कोचिंग संस्थान और अन्य प्रतिष्ठानों में रह रहे सभी अज्ञात या संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा।एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने सभी थाना/चौकी



प्रभारियों को एक माह तक चलने वाले सघन अभियान में विशेष टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के संचालन में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र और एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत फैक्ट्री, धर्मशाला, होटल, होम स्टे, हॉस्टल और पेइंग गेस्ट हाउस का रिकॉर्ड तैयार कर सत्यापन किया जाएगा। निजी और सार्वजनिक संस्थानों, उच्च शिक्षण/कोचिंग संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों, रेहड़ी-ठेली, आश्रम और धर्मशालाओं में कार्यरत लोगों की पूरी जानकारी एकत्रित की जाएगी। बाहरी राज्यों और देशों से आए छात्र और अल्पावधि ठहरे व्यक्तियों का पहचान पत्र/आईडी सत्यापन भी किया जाएगा।इसके साथ ही संदिग्ध एवं आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों की गतिविधियों पर स्थानीय पुलिस, अभिसूचना इकाई और एसओजी/एसटीएफ द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी।

## अधिशासी अधिकारी ईश्वर सिंह रावत का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

लालकुआँ संवाददाता. लालकुआँ आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लालकुआँ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी ईश्वर सिंह रावत का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कार्यालय में निवर्तमान चेयरमैन लालचन्द्र सिंह की तस्वीर नहीं लगाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई और इसे दलित समाज का अपमान बताया।प्रदर्शनकारियों ने इसे संविधान की भावना के विपरीत बताते हुए प्रशासन पर उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही तस्वीर नहीं लगाई गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से एक भव्य द्वार बनाने की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान को सम्मान देना हर संस्थान का कर्तव्य है और इसमें किसी भी प्रकार की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।विरोध प्रदर्शन के बीच अधिशासी अधिकारी ईश्वर सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि निवर्तमान चेयरमैन की तस्वीर जल्द ही नगर पंचायत कार्यालय में लगा दी जाएगी और मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव सुरेश चन्द्र बेरी, खीमचन्द्र आर्य, मो० सुलेमान, फिरोज खान, सन्तोष आर्य, महेश चन्द्र, हरेन्द्र सिंह, मदन राम, अरविंद कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 75 लोगों को नोटिस भेजकर सरकारी जमीन खाली करने के निर्देश दिए

हल्द्वानी संवाददाता. बरेली रोड पर सिंचाई विभाग की पुरानी खुली नहर को शिफ्ट किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत यह निर्णय लिया गया है। मौजूदा नहर की शिफ्टिंग के साथ ही उसे कवर भी किया जाएगा, ताकि उसके ऊपर फुटपाथ बनाया जा सके और आम लोगों को सुविधा मिल सके। यूयूएसडीए की मांग पर प्रशासन और सिंचाई विभाग के बीच हुई वार्ता के बाद 75 लोगों को नोटिस भेजकर सरकारी जमीन खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) की ओर से कालाढूंगी रोड पर कठघरिया से कालू सिद्ध मंदिर तक तथा नैनीताल रोड पर नरीमन चौराहे से तीनपानी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 229 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उपलब्ध स्थान के अनुसार सड़क की चौड़ाई 24 से 30 मीटर तक रखी जाएगी।परियोजना के तहत यूटिलिटी डक्ट, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, फुटपाथ निर्माण और सुंदरीकरण से जुड़े कार्य भी किए जाएंगे। नैनीताल रोड पर होंडा शोरूम तिराहे से तीनपानी तक सड़क के एक ओर सिंचाई विभाग की नहर गुजरती है, जो शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक जाती है और किसानों के खेतों की सिंचाई का मुख्य स्रोत है।



# वनाग्नि नियंत्रण को लेकर संयुक्त अभ्यास, वनाग्नि सीजन को देखते हुए चल रही तैयारी

अल्मोड़ा संवाददाता. सिविल सोयम वन प्रभाग के अंतर्गत बिन्सर वन्यजीव विहार के कपड़खान बीट में सोमवार को वनाग्नि नियंत्रण को लेकर संयुक्त अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, वन विभाग के कर्मचारी और फायर वाचरों ने मिलकर भागीदारी की। अभ्यास का उद्देश्य आगामी वनाग्नि सीजन को देखते हुए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों के बीच तालमेल को मजबूत करना रहा। अभ्यास के दौरान अभयारण्य क्षेत्र के भौगोलिक स्वरूप और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया। वनाग्नि से निपटने में उपयोग होने वाले उपकरणों और संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही फायर वाचरों के साथ समन्वय बैठक कर उनकी भूमिका स्पष्ट की गई और वनाग्नि की स्थिति में संयुक्त प्रतिक्रिया प्रणाली का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। सुरक्षा उपायों और मानक संचालन प्रक्रिया के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के सहायक कमांडेंट आर.एस. धपौला और निरीक्षक कनिष्क पांगती ने अपनी टीम के साथ वनाग्नि रोकथाम और प्रारंभिक नियंत्रण की तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी दी। वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए वनाग्नि नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला। संयुक्त अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, वन विभाग और फायर वाचरों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम प्रदीप कुमार धौलाखंडी ने कहा कि इस तरह के अभ्यास भविष्य में संभावित वनाग्नि की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने और जन-धन की सुरक्षा के लिए उपयोगी साबित होंगे।



# आर्थिक तंगी के चलते परिचितों से मदद लेने पहुंचा हत्यारोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा संवाददाता. सोमेश्वर क्षेत्र के रस्यारागांव में दिव्यांग व्यक्ति की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रविवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को करबला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि विगत 24 जनवरी को रस्यारागांव में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की पहचान कुन्दन राम के रूप में हुई। अगले दिन मृतक के भाई हरीश राम की तहरीर पर दीपक पांडे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। कोतवाली सोमेश्वर और एसओजी की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए तकनीकी और सर्विलांस सहायता से लगातार तलाश की। इसके बाद रविवार को को आरोपी दीपक पांडे को करबला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 18 जनवरी की शाम रास्ते में विवाद होने पर उसने पत्थर से कुन्दन राम के सिर पर प्रहार कर दिया था। घटना के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए गाजियाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली और बनारस में छिपता रहा। आर्थिक तंगी के कारण वह अल्मोड़ा लौटकर परिचितों से मदद लेने आया था, जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी के घर से घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े भी बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले के खुलासे पर पुलिस टीम को एक हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन जोशी, अपर उपनिरीक्षक फिरोज खान, हेड कांस्टेबल हरीश आर्या, कांस्टेबल राजेश भट्ट, गोरखनाथ और नीरज मेहरा शामिल रहे।



# एडीएम की फर्जी आईडी बनाकर साइबर ठगी की कोशिश

रुद्रपुर संवाददाता. साइबर ठगों द्वारा एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के नाम से फर्जी आईडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है। एडीएम ने धोखाधड़ी की आशंका के चलते साइबर क्राइम थाना पंतनगर में शिकायत की है। मामले की जानकारी मिलने पर एडीएम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक) के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को परिचितों से सूचना मिली कि उनके नाम और फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी अकाउंट बनाया गया है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि उनके नाम से आने वाली किसी भी संदिग्ध रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें और न ही किसी प्रकार का लेनदेन करें। उन्होंने आशंका जताई है कि इस फर्जी आईडी के माध्यम से पैसों की मांग, सहयोग के नाम पर ठगी या अन्य प्रकार का फ्रॉड किया जा सकता है। एडीएम ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में साइबर क्राइम थाना पंतनगर में शिकायत की है। इससे पहले भी कई अधिकारियों के नाम से फर्जी आईडी बनाकर ठगी के प्रयास किए जा चुके हैं।

## सरस मेले में चमकी चंपावत की इंडक्शन कढ़ाई

रुद्रपुर संवाददाता. चम्पावत जिले में तैयार होने वाले पारंपरिक लोहे के बर्तन इन दिनों सरस आजीविका मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खासकर शुद्ध लोहे से बनी इंडक्शन कढ़ाई की बिक्री ने कारीगरों के चेहरे खिला दिए हैं। इसकी मांग मुंबई, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान तक से आ रही है। ग्राम पंचायत बाजरीकोट, चम्पावत की पंचबलिया स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष बसंती देवी ने बताया कि उनके समूह में दो कारीगर समेत आठ सदस्य कार्यरत हैं। मेले या बड़े आयोजनों से पहले दो महीने तक लगातार बर्तनों का निर्माण किया जाता है।

## चार नए परीक्षा केंद्रों के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी

रुद्रपुर संवाददाता. ऊधमसिंह नगर जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष 110 परीक्षा केंद्रों पर कुल 39,924 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल के 21,362 तथा इंटरमीडिएट के 18,562 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षाएं 21 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित होंगी। इस बार चार नए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिससे छात्रों को नजदीकी क्षेत्र में परीक्षा देने की सुविधा मिलेगी और अन्य केंद्रों पर भीड़ का दबाव कम होगा। नए केंद्रों में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंगा, अब्दुल मजीद सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसपुर, जीके कॉन्वेंट गुलरभोज और सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर को शामिल किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खटीमा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज काशीपुर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और उड़नदस्तों की सक्रियता सुनिश्चित की है।

# भव्य शिव कॉरिडोर से रुद्रपुर को मिलेगी नई पहचान : मेयर

रुद्रपुर संवाददाता. मेयर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाएं रुद्रपुर की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देंगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भव्य शिव कॉरिडोर सहित पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं शहर को आस्था, पर्यटन और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएंगी। सोमवार को मेयर ने प्रस्तावित शिव कॉरिडोर में शामिल नीलकंठ धाम में रुद्राभिषेक किया। इसके बाद नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे और नगर निगम टीम के साथ नीलकंठ धाम, शिव मंदिर, गोल्ज्यू मंदिर व गुरुचांद मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्ययोजना पर चर्चा की। इसके बाद पत्रकार वार्ता में मेयर ने बताया कि गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मानसखंड कॉरिडोर के तहत गंगापुर रोड स्थित नीलकंठ धाम, गोल्ज्यू मंदिर और शिव मंदिर को जोड़ने की घोषणा की है। इन मंदिरों को त्रिभुजाकार स्वरूप में विकसित कर 51 फुट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और अलग मार्ग का निर्माण होगा। मेयर ने कहा कि नीलकंठ धाम की भूमि को लेकर लगाए गए आरोप निराधार साबित हुए हैं। हाल ही में छह एकड़ भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है, जहां शिव कॉरिडोर साकार होगा। यह परियोजना रुद्रपुर को प्रदेश में आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी और पर्यटन को बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि खेड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त भूमि पर पर्यावरण मित्रों के लिए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। भूरारानी रोड व गंगापुर रोड का चौड़ीकरण, अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी तक मिनी बाईपास, किच्छा रोड पर बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नगर निगम भवन पुनर्निर्माण, 52 वार्डों में विकास कार्य, आठ आरोग्य मंदिर, बजाज सखी स्किल सेंटर, निगम बाजार, गौशाला, स्वच्छता वाहन, स्ट्रीट लाइट, वेंडिंग जोन, फ्रेश वेस्ट प्लांट, देवभूमि रजत जयंती पार्क, ओपन जिम, घंटाघर चौक व आंबेडकर पार्क सौंदर्यीकरण सहित 100.03 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है।

### काशीपुर ने जीता ओवरऑल चौम्पियनशिप का खिताब

रुद्रपुर संवाददाता. कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा महिला प्रतियोगिता सोमवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिवालिक हॉल में हुई। इसमें काशीपुर ने ओवरऑल चौम्पियनशिप का खिताब जीता। यूनिटी लॉ कॉलेज, रुद्रपुर के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. नागेंद्र शर्मा और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंदन राठौर ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. नागेंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, हल्द्वानी और काशीपुर की महिला टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रेगु और डबल्स इवेंट आयोजित किए गए।

## पर्यावरण संरक्षण और बर्ड वॉचिंग पर विशेषज्ञों का मंथन

रुद्रपुर संवाददाता.गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेले के तीसरे दिन सोमवार को पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और बर्ड वॉचिंग विषयों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने स्कूली बच्चों और आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उपयोगी जानकारी दी। प्रकृति विज्ञान पहल संगठन के निदेशक डॉ. रमन ने 'सस्टेनेबल लाइफस्टाइल के लिए व्यवहार में बदलाव' विषय पर कहा कि छोटे-छोटे व्यक्तिगत बदलाव, जैसे संसाधनों का संतुलित उपयोग, प्लास्टिक का कम प्रयोग और ऊर्जा की बचत, पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। पक्षी प्रेमी राजेश भट्ट ने कहा कि पक्षी जैव विविधता के महत्वपूर्ण सूचक हैं और उनके व्यवहार व आवास को समझना संरक्षण के लिए आवश्यक है। राजीव बिष्ट ने बर्ड वॉचिंग से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। सेवानिवृत्त मुख्य प्रशासनिक अधिकारी वन विभाग केएस सजवाण ने 'एथिकल बर्डिंग' की अवधारणा समझाते हुए पक्षियों को बिना विचलित किए अवलोकन करने पर जोर दिया। नानकमत्ता पब्लिक स्कूल की छात्रा जिया कठायत ने बच्चों को प्रकृति और पक्षियों से प्रेम का संदेश दिया। प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी ने पर्यावरण संतुलन में जनसहभागिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर, एसडीओ वन शशि देव सहित वन विभाग के कार्मिक, स्कूली विद्यार्थी और आमजन उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# दो दीवाने सहर में में नैना बनकर सीखा कि भाई-बहनों के बीच तुलना, खुशियां चुरा लेती हैं: संदीपा धर

20 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म श्दो दीवाने सहर मेंश् में नैना के किरदार में नजर आने जा रही संदीपा धर ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक ऐसा भावुक और सच्चा अनुभव साझा किया है, जिससे हम सब कभी न कभी गुजरे होंगे। फिल्म में मृणाल ठाकुर की बहन बनी संदीपा धर ने जिस खूबसूरती से अपनी बात रखी है, उससे उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हालांकि अपने इस पोस्ट के जरिए उन्होंने न सिर्फ समाज की सच्चाई सामने रखी है, बल्कि फिल्म के भावनात्मक पहलू को भी उजागर किया है। संदीपा ने अपने सोशल मीडिया पर एक संदेश के साथ कड़वी सच्चाई बयां करते हुए लिखा है, अपने भाई या बहन को देखो, वह कितना अच्छा हैज् यह एक ऐसा वाक्य है जो बचपन की अनकही यादों को तुरंत जगा देता है। इस नोट के साथ उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में नैना और रोशनी का रिश्ता इसी तुलना के दुष्चक्र से गुजरता है। रोशनी को बार-बार यह एहसास दिलाया जाता है कि वह श्काफी नहींश् है, और नैना पर श्बहुत ज्यादा परफेक्टश् बने रहने का दबाव रहता है। संदीपा के मुताबिक, नैना का किरदार निभाते हुए उन्हें समझ आया कि कैसे लगातार तुलना किसी की पहचान, आत्मविश्वास और रिश्तों को धीरे-धीरे खोखला कर देती है। संदीपा कहती हैं कि तुलना, भाई-बहनों को प्रतिद्वंद्वी बना देती है, प्यार को शर्तों से जोड़ देती है और ऐसे जख्म छोड़ जाती है जिन्हें भरने में सालों लग जाते हैं। माता-पिता, शिक्षक या रिश्तेदार अक्सर अनजाने में कहे गए अपनी बहन जैसी बनो जैसे वाक्यों के असर को नहीं समझ पाते, लेकिन वही बातें जीवन भर दिमाग में गूंजती रहती हैं।गौरतलब है कि रोमांस से आगे बढ़कर, दो दीवाने सहर में एक ऐसी सच्चाई को सामने लाती है, जिसे आप छोटी उम्र से ही महसूस करना शुरू कर देते हैं। यकीन मानिए, यह तुलना सिर्फ बचपन को नहीं, बल्कि इंसान की पूरी पहचान को आकार देती है। ऐसे में ये फिल्म दर्शकों से भी एक सीधा सवाल पूछती है कि बचपन में आप नैना थीं या रोशनी?



# बैटल ऑफ गलवान से रोमांटिक सॉन्ग मैं हूं रिलीज, चित्रांगदा सिंह संग दिखी सलमान खान की लविंग केमिस्ट्री

मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है. अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है. ऐसे में, सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है.सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं, एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतजार तक का सफर दिखाया गया है. यह गाना एक फौजी के परिवार की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है. घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द. यह इमोशनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है.विजुअली, यह ट्रैक खुशी और तड़प के बीच एक बैलेंस बनाए रखता है. हम सलमान खान को दिल को छू लेने वाले और सौम्य पलों में देखते हैं मुस्कुराते हुए, जश्न मनाते हुए और अपने परिवार के साथ वक्त बिताते हुए, वहीं दूसरी तरफ कुछ फ्रेम्स इमोशनल दूरी और अकेलेपन को भी बयां करते हैं. चित्रांगदा सिंह ने अपने किरदार में शालीनता और एक खामोश मजबूती दिखाई है. उनकी केमिस्ट्री मैच्योर, नेचुरल और गहराई से सच्ची महसूस होती है.अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी जहन में बनी रहती है. श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है. वहीं, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं.बैटल ऑफ गलवान का निर्माण सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने किया है, और अपूर्व लाखिया इसके डायरेक्टर हैं. यह फिल्म बहादुरी, बलिदान और जज्बे की एक सच्ची तस्वीर पेश करने का वादा करती है, जिसमें चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी.

# ओ रोमियो ने आते ही काटा बवाल, 7 साल बाद शाहिद की फिल्म को मिली तगड़ी ओपनिंग, ये रिकॉर्ड भी बनाया

**शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज ने नौ साल के बाद ओ रोमियो से बड़े पर्दे पर कमबैक किया है. ये जोड़ी इससे पहले कमीने, हैदर और रंगून जैसी शानदार फिल्में जे चुकी है. ऐसे में गैंगस्टर ड्रामा ओ रोमियो से भी काफी उम्मीदें हैं. ये फिल्म 13 फरवरी, शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इस फिल्म का शनाया कपूर और आदर्श गौरव की श्तू या मैंश् से क्लैश हुआ है. वहीं ओ रोमियो की बात करें तो इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक शुरुआत की है. ऐसे में चलिए यहां जानते हैं ओ रोमियो ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ से ओपनिंग की है?ओ रोमियो के ट्रेलर को काफी पसंद किया गया था. फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और नाना पाटेकर जैसे कई दमदार कलाकारों की टोली है. जिसके चलते फिल्म को लेकर फैंस में पहले ही जबरदस्त एक्साइटमेंट थी. हालांकि विशाल भारद्वाज निर्देशित इस फिल्म का रिलीज से पहले कोई खास प्रमोशन नहीं किया गया जिसके चलते इसका बज कम ही था. लेकिन सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ स्ट्रॉन्ग वर्ड ऑफ माउथ काम कर गया और इस फिल्म ने अच्छी ओपनिंग कर ली है.**

**सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक ओ रोमियो ने रिलीज के पहले दिन 8.25 करोड़ की ओपनिंग की है.बता दें कि शाहिद की आखिरी सबसे बड़ी ओपनर साल 2019 की कबीर सिंह थी. इसके बाद एक्टर की साल 2024 में आई तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने 7.02 करोड़ की ओपनिंग की थी. ऐसे मे अब शाबिद की फिल्म ने 8.25 करोड़ के कलेक्शन के साथ तगड़ी शुरुआत की है. इसी के साथ शाहिद को सात साल के बाद बड़ी ओपनिंग मिली है.ओ रोमियो शाहिद कपूर की टॉप 10 ओपनर्स की लिस्ट में भी एंट्री कर चुकी है. ये एक्टर की छठी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है. बता दें कि इसने शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (7.02 करोड़), मौसम (6.75 करोड़), बत्ती गुल मीटर चालू (6.76 करोड़), हैदर (6.14 करोड़) और रंगून (6.07 करोड़) के ओपनिंग डे कलेक्शन को मात दे दी है.**

# फिल्म एक दिन का नया पोस्टर रिलीज, जुनैद खान और साई पल्लवी का दिखा प्योर रोमांटिक अंदाज

एक दिन एक ऐसी रोमांटिक और जादुई प्रेम कहानी का वादा करती है जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिलेगी. इसके साथ ही, यह फिल्म आमिर खान और मंसूर खान जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स के रीयूनियन का गवाह बनेगी, जो जो जीता वही सिकंदर और जाने तू... या जाने ना जैसी कल्ट क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं.आमिर खान और मंसूर खान की वो सुपरहिट जोड़ी, जिसने हमें कयामत से कयामत तक और जाने तू... या जाने ना जैसी क्लासिक फिल्में दी हैं, एक बार फिर एक प्यारी सी लव स्टोरी लेकर वापस आ गई है. जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर एक दिन एक ऐसी कोमल और जादुई रोमांस की कहानी है, जो जज्बातों और रिश्तों की सादगी का जश्न मनाती है.टीजर रिलीज होने के बाद दर्शकों को इस जादुई प्रेम कहानी की एक झलक मिली है. इसमें जुनैद खान का वो प्यारा सा अनाड़ीपन और शर्मीला अंदाज, साई पल्लवी की सादगी और चमक के साथ एकदम फिट बैठ रहा है. फैंस प्यार के इस नए और ताजा अंदाज को पर्दे पर देखने के लिए अब और भी ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं.वैलेंटाइन डे के खास मौके पर आमिर खान प्रोडक्शंस ने एक दिन का एक नया पोस्टर शेयर किया है. इस पोस्टर में एक बहुत ही प्यारा और सुकून भरा पल कैद किया गया है. एक शांत से सुपरमार्केट में जुनैद और साई एक-दूसरे के सामने खड़े हैं और साई के हाथ में एक मफिन है जिस पर एक मोमबत्ती जल रही है. यह छोटा सा लेकिन दिल छू लेने वाला पल उस कोमल और प्यारी प्रेम कहानी की झलक देता है जो इस फिल्म की जान है. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, बस एक दिन ही काफी है, टीजर अब आउट, देखिए एक दिन सिर्फ सिनेमाघरों में, 1 मई 2026 को.एक दिन के जरिए आमिर खान और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर मंसूर खान की आइकॉनिक जोड़ी लंबे समय बाद साथ वापसी कर रही है. इस जोड़ी ने पहले भी कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू.. या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं. अब एक बार फिर वे एक रोमांटिक लव स्टोरी के लिए साथ आए हैं, जो इस फिल्म को देखने की एक बड़ी वजह बन गई है. इस रीयूनियन ने फिल्म की और झलकियां देखने की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है.आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं. सुनील पांडे के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



# मुख्य सचिव ने टिहरी झील को ग्लोबल डेस्टिनेशन बनाने हेतु मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिये

देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने टिहरी झील को ग्लोबल डिस्टिनेशन



के रूप में विकसित किये जाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचिव पर्यटन को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के स्तर पर टिहरी झील एवं उसके समीपवती क्षेत्रो को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने तथा अवस्थापना सुविधाओं के विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व टिहरी लेक डिस्टिनेशन का पर्यटन के दृष्टिगत विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये। सोमवार को सचिवालय में पर्यटन विकास परिषद द्वारा टिहरी लेक प्रोजेक्ट के तहत सतत् समावेशी अनुकूल जलवायु आधारित पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि टिहरी लेक को ग्लोबल डिस्टिनेशन के रूप में विकसित किये जाने संबंधी भारत सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव में शामिल किया जाय। उन्होंने टिहरी लेक का पूरा मास्टर प्लान तैयार करने के लिये अनुभवी कन्सलटेन्ट की नियुक्ति के साथ पर्यटन विभाग को इसी के दृष्टिगत अपनी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने टिहरी लेक के चारों ओर रिंग रोड तैयार करने की कार्ययोजना में तेजी लाये जाने, टिहरी लेक में प्रस्तावित सी प्लान योजना के साथ रिंग रोड पर कम से कम दो हेलीपैड बनाए जाने की व्यवस्था के भी निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सचिव वित्त से सचिव पर्यटन, नागरिक उड्डयन तथा लाके निर्माण से समन्वय कर योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी लेक को ग्लोबल डिस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाने के लिये आवश्यक है कि यहां पर विश्व स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास हो, उन्होंने लोक निमार्ण विभाग को रिग रोड के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि रिंग रोड बनने से अन्य अवस्थापना सुविधाओं के विकास में भी तेजी आ सकेगी।

# अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज ने कार्यकारिणी में किए बदलाव

देहरादून संवाददाता. अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज मसूरी शाखा की बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए एवं संगठन के कार्यक्रमों को अग्रसित करने के लिए ठोस निर्णय भी लिए गए। बैठक में राजेश शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, सलीम अहमद जिला महासचिव चुना गया। सोमवार को शहर अध्यक्ष भरत लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए व कार्यकारणी में बदलाव किया गया। बैठक में राजेश शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, सलीम अहमद जिला महासचिव, महिपाल सिंह शहर उपाध्यक्ष, सुनील जाटव शहर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार शहर सचिव मसूरी, संतोष खन्ना मसूरी शहर संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ, नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश मुख्य महासचिव सुरेश कुमार यादव एडवोकेट ने बैठक में युवजन समाज उत्तराखंड संगठन से संबंधित कुछ प्रस्ताव लाकर प्रस्ताव पास कर निर्णय लिए गए। मसूरी शहर के निम्न वर्ग के लोगों की समस्याओं को लेकर सर्व सम्मति से यह बात तय हुई कि जल्द ही रेहड़ी पटरी वालों की समस्याओं को लेकर एवं नगर पालिका में कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिला जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग, जन जाति वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों की मसूरी एसडीएम कार्यालय स्तर पर जाति प्रणाम पत्र एवं स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कत और परेशानियों को लेकर शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल डीएम को ज्ञापन देगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए निष्क्रिय पदाधि कारियों को हटा कर नये पदाधिकारी बनाये गए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान, रमेश लाल, मसूरी शहर अध्यक्ष भरत लाल, प्रदेश सचिव विनय कुमार, शहर महामंत्री रामपाल भारती, महिला प्रकोष्ठ की शहर अध्यक्ष पूजा ढींगरा, शहर उपाध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला महासचिव सलीम अहमद, शहर संगठन मंत्री मसूरी अजय कुमार, राजू भाई, फूलवती देवी, बबीता सक्सेना, प्रमिला देवी, आशा थापा, कृष्णा दिलोर, अजय गुहेर, शंभू नाथ, मीना, नजराना, उजमा आदि अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार...

### शादी में रौब दिखाने के लिए तमंचा रखने वाला पकड़ा

हरिद्वार संवाददाता. रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर आशुतोष राणा ने बताया कि सुमननगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने अजय उर्फ चिंगारी पुत्र राजकुमार निवासी गढ़ नंबर-2 को दबोचा। उसके पास से 12 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हथियार शादी-समारोह में रौब दिखाने के लिए रखा था। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में सुमननगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार, कांस्टेबल हरीश राणा और राजेंद्र रौतेला शामिल रहे।

### ऊर्जा निगम की छापेमारी, महिला सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

हरिद्वार संवाददाता. ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने पथरी थाना क्षेत्र के धनपुरा और पदार्था गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। इसके बाद महिला समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पथरी पुलिस के मुताबिक, जेई दिवाकर मौर्य ने बताया कि दोनों गांवों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस आधार पर छापेमारी की गई तो पता चला कि बाबू हसन पुत्र नजर, अशरफ अली पुत्र अल्लाह बंदा, गुलाम नबी पुत्र हसमुद्दीन, अख्तर पुत्र बशीर, रोशन जहां पत्नी इरफान और मोहसिम सभी निवासी पदार्था, सुरेंद्र पुत्र मनीराम निवासी धनपुरा के घरों पर मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि इस मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का लोकार्पण

देहरादून संवाददाता. बैंक ऑफ इंडिया मसूरी की नई शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक अनिल कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने बैंक की ग्राहकों के लिए लागू की गयी योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया व ग्राहकों के सुझाव भी लिए। कुलडी पार्किंग में आयोजित उद्घाटन समारोह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया देश का बड़ा बैंक है व सोलह लाख करोड़ से अधिक का व्यापार कर रहा है। साढ़े पांच हजार ब्रांच पूरे देश में हैं। विदेशों में भी इसकी शाखाएं है व देश के छठवें स्थान पर है। उन्होंने ग्राहकों का आह्वान किया कि बैंक से जो भी समस्या हो या सुझाव हो वह बैंक में दे सकते हैं या वह उन्हें सीधे दे सकते हैं। इस मौके पर बैंक द्वारा होटल उद्योग सहित अन्य के लिए कई योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक का न ही किसी में विलय हो रहा है और न ही किसी बैंक का अधिग्रहण किया जा रहा है। बैंक मसूरी में गत 15 वर्ष से सेवा दे रहा है व अब नये परिसर का उद्घाटन किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक तिवाड़ी, उप आचंलिक प्रबंधक भानु प्रताप सिंह नाबियाल, मसूरी शाखा प्रबंधक प्रदीप सहित आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग दंपति को पुत्रों ने घर निकाला बाहर, डीएम ने दर्ज करवाया भरणपोषण वाद

देहरादून संवाददाता. सोमवार को जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जनता दर्शन में भूमि विवाद, अतिक्रमण, भरपोषण, बैंक ऋण आर्थिक सहायता आदि 163 शिकायतें प्राप्त हुई। डकाल चौक इन्द्रानगर निवासी विधवा सुनीता ने बताया कि पति की मृत्यु हो गई है। उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। 3 बच्चों का पालन-पोषण करने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने आर्थिक सहायता की मांग की। डीएम ने प्रभारी अधिकारी शस्त्र को रायफल क्लब फंड से आर्थिक सहायता तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को विधवा पेंशन लगवाने की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। दौड़वाला निवासी 81 वर्षीय कान्तादेवी ने गुहार लगाई कि उनकी नातिन के पति द्वारा उनकी संपत्ति नातिन के नाम करवाई तथा विश्वास में लेकर भूमि विक्रय कर दी। धोखे से हस्ताक्षर करवाकर उनके बैंक खाते में नॉमिनी बन गया। जब बुजुर्ग बैंक खाते से धनराशि निकालने गई तो बैंक खाता खाली था। पता चला उनके खाते से धनराशि आनलाइन निकाली गई। वर्ष 2024 में संदिग्ध परिस्थिति में नातिन की मृत्यु हो गई। धोखे से उनकी समस्त संपत्ति हड़प ली जिस पर डीएम ने एसडीएम न्याय को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कुंज विहार कारगी चौक निवासी दुर्गा प्रसाद नौटियाल ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर लाईन बिछाने का कार्य किया गया लेकिन उनका मकान छोड़ दिया गया।विधाता एन्कलेव निवासी सुरेश चौहान ने बताया कि उनके द्वारा वर्ष 2024 में विद्युत पोल शिफ्टिंग की फीस जमा कराने के बाद भी विद्युत पोल शिफ्टिंग नहीं हुआ। डीएम ने एक्सईन विद्युत से विलंब का कारण प्रस्तुत करते को कहा। सेवानिवृत्त अध्यापिका सुशीला नेगी ने शिकायती पत्र में बताया कि वह पुलिस पब्लिक स्कूल में वर्षो से शिक्षण कार्य कर रही हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रकरण पर जांच कर 20 फरवरी तक एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ---- तालाबो विनोबाभावे ट्रस्ट की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप : छरबा निवासियों ने शिकायती पत्र डीएम को दिया। बताया कि तहसील विकासनगर के छरबा बंजर झाड़ी, तालाबो विनोबाभावे ट्रस्ट की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। एसडीएम विकासनगर की अध्यक्षता में समिति गठित कर 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। महालक्ष्मीपुर मोथोरोवाला निवासी आनंदमणी डिमरी ने क्षेत्र में एडीबी द्वारा बनाई गई सड़क में मानकों का उल्लंघन का आरोप लगाया। --- बिजली के बिल पर उनके पुत्र को पर्सनल लोन दे दिया : बुजुर्ग पिता ने डीएम से गुहार लगाई की उनका बेटा नशामुक्ति केन्द्र में है और राम फाइनेंस कंपनी द्वारा उनके गेट पर वसूली नोटिस चस्पा किया है। पता करने पर ज्ञात हुआ कि फाइनेंस कंपनी ने केवल बिजली के बिल पर उनके पुत्र को पर्सनल लोन दे दिया। उन्होंने फाइनेंस कंपनी पर कार्यवाही की मांग की।सुद्धोवाला निवासी श्रमिक मुन्ना सिंह चौहान ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उनकी मजदूरी नहीं दी गई तथा उनके औजार जब्त कर दिए हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com